तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 स्वच्छता संकल्प पर कोरबा को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड का ताज पहनाने जुटेंगे शहरवासी



## खबर संक्षेप

### पाली महोत्सव के लिए रूचि की अभिव्यक्ति 10 तक

**कोरबा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव सामुदायिक आदिवासी कला, हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक प्रोत्साहन कार्यक्रम का 15 एवं 16 फरवरी को विकासखंड पाली के ग्राम केराझरिया में किया जायेगा। जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पाली महोत्सव में जिले के प्रतिष्ठित खाति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुत देना चाहते हैं। उनसे निर्धारित प्रारूप अनुसार आवश्यक दस्वावेज सीडी पेन ड्राईव गूगल फॉम में अपलोड वेबसाईट लिंक, यूट्यूब लिंक इत्यादि सहित प्रविष्टि 12 फरवरी तक आमंत्रित की गई थी।

### पशु औषधालय का हो रहा है नियमित संचालन

**कोरबा।** पशु औषधालय छुरी का नियमित रूप से संचालन हो रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा बताया गया कि संस्था के सुचारू संचालन के लिए पशु औषधालय दर्री (कटघोरा) के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी जोगेन्द्र चंद्रा को अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया गया है। वे अपने मूल कार्य के साथ-साथ प्रति सप्ताह तीन दिवस नियमित रूप से पशु औषधालय छुरी का कार्य संपादन कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, जिले में संचालित मोबाइल वेटेरीनरी यूनिट भी संबंधित क्षेत्र में नियमित रूप से सेवाएँ प्रदान कर रही है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा बताया गया है कि जिला कार्यालय को अभी तक ऐसी कोई शिकायत या सूचना प्राप्त नहीं हुई है कि क्षेत्र अथवा जिले में किसी भी प्रकार की बीमारी फैलने से पशुओं की मृत्यु हो रही है। यदि भविष्य में ऐसी कोई सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल शिविर आयोजित कर आवश्यक उपचारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### ग्रामीणों ने की ठेकेदार पर स्टॉप वर्क व कार्रवाई की मांग

**कोरबा।** ग्राम पंचायत ढेलवाडीह द्वारा लोक निर्माण विभाग के कटघोरा बायपास सड़क निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को लिखित आवेदन दिया गया है। उक्त कार्य ठेकेदार द्वारा रहवासी क्षेत्र को नजरअंदाज करते हुए खाली क्षेत्र से प्रारंभ किया गया है तथा धूल नियंत्रण, सुरक्षा मानक एवं डीपीआर की शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे आमजन के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्राम पंचायत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने, कार्य पर रोक लगाने तथा नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत ढेलवाडिह के उपसरपंच मुकेश सिंह उसरवर्षा ने स्पष्ट किया है कि जनहित एवं सार्वजनिक सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### बीएमएस का राष्ट्रीय अधिवेशन आज से उड़ीसा में

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ का 21 वां त्रैवार्षिक अखिल भारतीय अधिवेशन 6, 7 और 8 फरवरी को ओडिशा के जगन्नाथधाम पुरी में आयोजित किया जा रहा है। भारतीय मजदूर संघ कोरबा के जिला मंत्री एवं छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने बताया कि इस अधिवेशन में देश भर से भारतीय मजदूर संघ के लगभग 2500 पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाग लेंगे। साथ ही भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध उद्योगों कोयला, रेलवे, इस्पात, खदान, बिजली, स्कीम वर्कर आंगनबाड़ी , आशा वर्कर, बैंक , इंश्योरेंस , असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों आदि सेक्टरों में काम करने वाले प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

# पीएम आवास की जियो टैगिंग करने बनाई जाएगी टीम, नहीं हो सकेगी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पीएम आवास निर्माण में अब गड़बड़ियां नहीं हो सकेंगी। गलत ढंग से जियो टैगिंग करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अब तकनीकी सहायकों के साथ जियो टैगिंग का कार्य किया जाएगा। अब तक आवास मित्रों के द्वारा जियो टैगिंग का कार्य कर रिपोर्ट भेज दी जाती थी। जिसमें गड़बड़ियां सामने आ रही थी।

जिले में इस समय सभी विकासखंड अंतर्गत पीएम आवास निर्माण का काम प्रगति पर चल रहा है। लगातार समीक्षा बैठक लेकर रोजगार सहायकों सहित पंचायत सचिवों तक के वेतन रोकने और नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है। आवास निर्माण के दौरान सबसे ज्यादा समस्या फर्जी जियो टैगिंग कर रिपोर्ट भेजे जाने की रहती थी। कई बार इस तरह के मामले सामने आए जिसमें निर्माण कहीं और होना था और रोजगार सहायकों ने किसी अन्य स्थल की जियो टैगिंग कर रिपोर्ट जिला पंचायत को भेज दी और उक्त कार्य की राशि निकाल ली गई। जियो टैगिंग करने का काम रोजगार सहायकों को दिया जाता है। जो तकनीकी रुप से कुशल नहीं है। जबकि भवन निर्माण का कार्य सिविल इंजीनियर के देखरेख में होना चाहिए ताकि निर्माण के मापदण्डों का पालन का निरीक्षण किया जा सके किंतु लाखों की लागत से बन रहे पीएम आवास निर्माण कार्य की जिम्मेदारी आवास मित्रों को दे दी गई है जो गांव के ही बेरोजगार युवक हैं।

### पीएम आवास के निर्माण में मिल रही थी शिकायतें

**खास बात**

- आवास मित्रों के द्वारा किया जा रहा था जियो टैगिंग का कार्य




### मनरेगा में तकनीकी सहायक हैं पदस्थ

आवास निर्माण के निरीक्षण के लिए मनरेगा में पदस्थ तकनीकी सहायकों को इसकी जिम्मेदारी दी जानी चाहिए लेकिन शाखा अलग होने की वजह से तकनीकी सहायक भी इससे अलग हैं जबकि आवास निर्माण के लिए तीन महीने की मजदूरी मनरेगा के मद से दी जा रही है। अगर तकनीकी सहायकों को आवास निरीक्षण की जिम्मेदारी दी जाए तो निर्माण कार्य के दौरान होने वाली तकनीकी गड़बड़ियों पर विराम लग सकेगा।

## अस्थाई तौर पर सीएसईबी व बालको में हेलीपेड किया गया तैयार

# पुलिस लाइन में हेलीपेड तैयार, सुरक्षा घेरा मजबूत, आसानी से पहुंचता है कार्केट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वीवीआईपी के आगमन पर पहले मुड़ापार स्थित हेलीपेड पर ही चौपर लैंड होता था। ऐसे में सुरक्षा सहित अन्य वजह से प्रशासन व पुलिस को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जिले के अलग अलग तीन स्थानों पर हेलीपेड का निर्माण कराया है। जिसमें पुलिस लाइन, सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड व बालको में हेलीपेड बनाया गया है। सीएम व अन्य वीवीआईपी के आगमन पर जिस क्षेत्र में उन्हें जाना होता है उसी आधार पर प्रशासन व पुलिस द्वारा नजदीकी हेलीपेड पर चौपर को लैंड कराया जाता है। निश्चित तौर पर पुलिस लाइन सहित अन्य स्थानें में हेलीपेड बन जाने से सुरक्षा घेरा बजबूत हुआ है व वीवीआईपी का कार्केट कार्यक्रम स्थल पर आसानी से पहुंच जाता है और आम जनता को भी किसी तरह की परेशानी नहीं होती है।

**खास बात**

- आम जनता को जामी समस्या से मिली राहत



नवनिर्मित हेलीपैड।

उल्लेखनीय है कि लगभग तीन दशक से भी अधिक समय हो चुका है, जहां सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एसईसीएल के मुड़ापार स्थित बनाए गए हेलीपेड में ही वीवीआईपी के आगमन पर हेलीकॉप्टर लैंड होता था और किसी भी इलाके में कार्यक्रम होने पर मुड़ापार हेलीपेड पर ही चौपर को उतारा जाता था, जिससे सुरक्षा घेरा करना पड़ता था। साथ ही सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। खासतौर पर वीवीआईपी के आगमन पर कार्केट को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचाना पुलिस के लिए चुनौती बनती थी, क्योंकि ऐसे में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को रोकना पड़ता था। इन समस्याओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अब रिस्दी रोड स्थित पुलिस लाइन में हेलीपेड तैयार हो चुका है। वहीं दूसरी ओर सीएसईबी के फुटबॉल ग्रउंड व बालको में हेलीपेड तैयार किया गया है। जिसमें सबसे बेहतर पुलिस लाइन का हेलीपेड है, जिसे सुरक्षा मापदण्डों के आधार पर तैयार किया गया है। जब से पुलिस लाइन का हेलीपेड तैयार हुआ है तब से अब तक सूबे के मुखिया विष्णुदेव साय का चौपर दो बार लैंड कर चुका है। तो वहीं दूसरी ओर शहर सहित आउटर में जिस इलाके में वीवीआईपी का मूवमेंट होता है उसी के आधार पर या तो सीएसईबी के फुटबॉल ग्राउंड या बालको के हेलीपेड में चौपर को लैंड कराया जाता है। शहर के भीतर ही तीन हेलीपेड बनकर तैयार हो चुके हैं। निश्चित तौर पर तीनों हेलीपेड के तैयार हो जाने से अब वीवीआईपी के मूवमेंट पर चौपर को उसी इलाके में लैंड कराया जाता है और वीवीआईपी कार्केट आसानी से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचता है। जिसमें आम जनता को भी जाम जैसी समस्या का सामना नही करना पड़ता है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की पहल से तैयार किए गए पुलिस लाइन व बालको व सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड का हेलीपेड अब सुरक्षा मानकों पर भी बेहतर है।

# मानिकपुर खदान में कोयला लेने गया ग्रामीण गिरा खांई में, मौत



मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 42 वर्षीय ग्रामीण अपने घर से कोयला चोरी करने के लिए एसईसीएल मानिकपुर खदान में गया हुआ था, जहां ग्रामीण खदान के भीतर 170 फीट नीचे गहरी खांई में गिरने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मानिकपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है।

जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदरी निवासी 42 वर्षीय भगतराम मरावी बुधवार की दोपहर कोयला चोरी करने के लिए गांव से सटे मानिकपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मानिकपुर खदान गया हुआ था। इसी दौरान वह लगभग 170 फीट नीचे सिर के बल गिर गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जब भगत काफी समय तक घर नहीं लौटा, तो परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश शुरू की। जिसके उपरांत गुरुवार सुबह ग्रामीणों को खदान में उसका शव गिरा हुआ मिला, जिसके बाद तत्काल मानिकपुर चौकी पुलिस को सूचित किया गया। मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। काफी मशक्कत के बाद शव को खदान से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर ने बताया कि मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एक दर्जन पुलिस अधिकारी कर्मचारियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस महकमे में कसावट लाने की मंशा से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने विभाग में फेरबदल किया है। कुछ निरीक्षकों की नई पदस्थापना की है। कुछ सब इंस्पेक्टर, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर और निचले कर्मियों के मामले में भी बदलाव किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से निरीक्षक आशीष कुमार सिंह को करतला से दर्री, नागेश तिवारी को दर्री से पाली का प्रभारी बनाया गया है। पाली थाना प्रभारी जितेंद्र यादव को अब करतला की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पसान थाना के प्रभारी श्रवण विश्वकर्मा को रक्षित केंद्र पदस्थ किया गया है। सब इंस्पेक्टर सुमन लाल पोया को सिविल लाइन से लेमरू थाना भेजा गया है। सब इंस्पेक्टर पुरुषोत्तम उइके को पाली से सिविल लाइन रामपुर पदस्थ किया गया है। सउनि चंद्रपाल खांडे जटगा चौकी प्रभारी से थाना प्रभारी पसान, कुंवर साय पैकरा थाना प्रभारी लेमरू से चौकी प्रभारी जटगा, लक्ष्मी प्रसाद कुर्रे रक्षित केन्द्र से थाना पाली, प्रधान आरक्षक दीपक खांडेकर पाली से बालको, नरेन्द्र लहरे बालको से पाली थाना, शैलन्द्र कंवर को पाली से कटघोरा, अश्वनी आगरे कटघोरा से पाली, दिलहरण कंवर को दर्री से ओएम शाखा में पदस्थ किया गया है। जबकि विगत दिनों सायबर थाने का विधिवत उद्घाटन भी किया गया था। जिसमें सायबर थाने का कमान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने साइबर थाना प्रभारी ललित चंद्रा को बनाया है।

**खास बात**

- आशीष दर्री तो ललित ने साइबर प्रभारी

# ढोढ़ीपारा में अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अवैध कब्जा व अतिक्रमण हटाने के लिए निगम द्वारा की जाने वाली कार्यवाही पर अडांगा डालने वाले व हुज्जतबाजी कर पहले चोरी-फिर सीना जोरी की कहावत को चरित्रार्थ करने वालों से नगर निगम की अतिक्रमण निरोधी उड़नदस्ता टीम सख्ती के साथ निपट रही है। आज ढोढ़ीपारा में अतिक्रमण हटाने के दौरान निगम कर्मचारियों के साथ अभद्रता व हुडदंग करने वाली अतिक्रमणकारी महिला पर महिला सुरक्षा बल ने सख्ती के साथ काबू में किया तथा कड़ी हिदायत दी कि यदि कार्यवाही के दौरान दोबारा विघ्न पैदा किया जाता है तो अतिक्रमण तो हटेगा ही, साथ ही वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।

नगर पालिक निगम द्वारा अपने क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय भूमियों, निगम की जमीनों व सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाया जा रहा है, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम में एक सशक्त अतिक्रमण निरोधी उड़नदस्ता टीम का गठन कर क्षेत्र में किए जा रहे अवैध कब्जों व अतिक्रमण को हटाने की कमान निगम के उपायुक्त नीरज कौशिक को दी है, उपायुक्त श्री कौशिक की अगुवाई में निगम की यह टीम क्षेत्र का भ्रमण कर अवैध कब्जों व अतिक्रमण पर कड़ी नजर रखते हुए उन्हें हटाने की निरंतर कार्यवाही कर रही है। अतिक्रमण व अवैध कब्जा हटाने के दौरान प्रायः ऐसे वाकये सामने आते हैं कि अतिक्रमणकारी निगम की कार्यवाही में विघ्न-बाधा उपस्थित करते हैं, टीम के साथ हुज्जतबाजी करते है तथा उनका मानना रहता है कि वे ऐसा करके अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को रोक देंगे एवं उनका अवैध कब्जा बरकरार रहेगा, किन्तु उनका यह भ्रम पालना ठीक नही है, अब निगम की टीम ऐसे लोगों से सख्ती से निपट रही है, निगम की उड़नदस्ता टीम के साथ पुरूष सुरक्षा बल के साथ महिला सुरक्षा बल भी तैनात रहती हैं, जो कार्यवाही में विघ्न-बाधा पैदा करने वाली महिला सदस्यों को भी सख्ती के साथ काबू में करने का कार्य करती हैं।




अवैध कब्जे पर कार्यवाही करता निगम अमला।

### सीएचसी के समीप में था कब्जा

सीएसईबी-दर्री मुख्य मार्ग पर स्थित ढोढ़ीपारा बस्ती में निगम का बुलडोजर चला। ढोढ़ीपारा बस्ती में स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र के बगल के घर में, घर के सामने बीम कालम खड़ाकर व छज्जे का निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया गया था, जिसे संज्ञान में लेते हुए निगम के अतिक्रमण निरोधी उड़नदस्ते की टीम ने कार्यवाही करते हुए उक्त अतिक्रमण को तोड़ा, कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण करने वाली महिला ने टीम के सदस्यों के साथ अभद्रता की तथा हुडदंग करते हुए कार्यवाही में बाधा डालने का प्रयास किया, जिस पर मौके में उपस्थित महिला सुरक्षा बलों ने सख्ती के साथ कार्यवाही करते हुए महिला को काबू में किया, साथ ही कड़ी हिदायत दी कि यदि दोबारा कार्यवाही में विघ्न उपस्थित किया जाता है तो अतिक्रमण तो निश्चित रूप से हटेगा ही, साथ ही वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।

## वन्यजीव संरक्षण से जुड़े तकनीकी एवं व्यवहारिक उपायों की दी गई जानकारी

# ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण व वन अग्नि रोकथाम का मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन मण्डल कटघोरा द्वारा वन्यजीव संरक्षण एवं वनाग्नि रोकथाम को लेकर वनमण्डलाधिकारी कुमार निशांत के द्वारा ग्रामीणों को सशक्त एवं संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य संदेश जीव जीवस्य जीवनम रहा, जिसके माध्यम से यह बताया गया कि प्रकृति में हर जीव एक-दूसरे पर निर्भर है और वनों की सुरक्षा ही सुरक्षित एवं संतुलित भविष्य की कुंजी है।



अतिथि का स्वागत करते हुए।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कसईपाली, देवरी एवं ढूरेना ग्रामों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम अत्यंत प्रभावी एवं सफल रहा। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीणों को वन्यजीवों के संरक्षण, वन संसाधनों के सतत उपयोग तथा वनाग्नि से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक प्रभात दुबे ने वन्यजीव संरक्षण से जुड़े तकनीकी एवं व्यवहारिक उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के उपाय, जंगल में आग लगने के कारण, उससे बचाव के तरीके तथा समय पर सूचना देने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता के बिना संरक्षण के प्रयास सफल नहीं हो सकते और ग्रामीण ही जंगल के सबसे मजबूत प्रहरी होते हैं। इस अवसर पर श्री गोविंद सिंह कंवर, प्रतिनिधि अध्यक्ष जनपद पंचायत कटघोरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वन एवं वन्यजीवों की रक्षा केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि जनभागीदारी से ही यह अभियान सफल हो सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जंगलों और वन्यजीवों को अपनी धरोहर समझकर उनकी रक्षा करें। कार्यक्रम में भुवन सिंह जनपद सदस्य, सरपंच शिवलाल कंवर, उप सरपंच सहित अन्य की उपस्थिति रही। विभागीय अधिकारियों में हितेश कुमार ठाकुर (एसडीओ, पाली), अशोक कुमार मन्नेवार (रेंज ऑफिसर), संतोष कुमार रात्रे (वनपाल), इन्द्र पाल सिंह कंवर, रज्जन सिंह सहित वन विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार ने बताया कि वन्यजीव जंगल, जलवायु एवं मानव जीवन के लिए अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण होते हैं।

# धोखाधड़ी के मामले में कबाड़ी को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर का कुख्यात कबाड़ी जिसके खिलाफ कुछ दिन पहले ही पुलिस ने मामला दर्ज किया था, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई थी। इसी बीच कबाड़ी ने एक दूसरे मामले में न्यायालय पहुंचकर सरेंडर किया है, जिसे न्यायालय से जेल भेज दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी मुकेश बरबट्टी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था, जहां न्यायालय ने मुकेश के खिलाफ वारंट जारी किया था। गुरूवार को मुकेश ने धारा 420 के मामले में जेएमएफसी न्यायालय पहुंचकर सरेंडर किया था, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले ही सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत नहर में बनाए गए ब्रिज को गैस कटर से काटकर चोरी की गई थी, जिसमें पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकेश सहित अन्य लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया था और मुकेश की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी।

**खास बात**

- कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला

## खबर संक्षेप

### महिला पर दो युवकों ने चाकू से किया हमला

**बिलासपुर।** स्कूटी से घर जा रही महिला पर अचानक स्कूटी सवार दो युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनके कंधे में चोट आई है। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, शंकरनगर वैशाली टावर निवासी ज्योति सिंह 5 जनवरी की शाम 6 बजे स्कूटी से अपने घर जा रही थी। शंकरनगर नकटी भवानी मंदिर के पास अचानक स्कूटी सवार दो युवक आए और चलती गाड़ी से उन पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे श्रीमती सिंह के कंधे में चोट आई है। वे स्कूटी रोककर चिल्लाने लगीं, जिससे लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने घटना की सूचना तोरवा पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गई। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। पुलिस सरगर्मी से क्षेत्र में हमलावरों की तलाश में जुट गई है।

### गश्त के दौरान वनरक्षक से मारपीट, 2 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** गश्त के दौरान वनरक्षक से रास्ता रोककर मारपीट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, वनरक्षक कृपानंद जांगड़े पिता लखन जांगड़े 34 साल वन परियोजना परिक्षेत्र भैंसाझार में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान बीच रास्ता में कार खड़ी कर मार्ग अवरूद्ध कर 4 लोग शराब पी रहे थे। उन्होंने रास्ते से हटने के लिए कहा तो चारों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने वनरक्षक की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 126, 2, 121, 1, 132, 351, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर बीरबल यादव पिता लक्ष्मण यादव 37 साल मौहारखार कोटा, राजा यादव पिता रामरतन यादव 27 साल दूरपा बाराद्वार को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य दो हमलावर पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

### झांसा देकर ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नौकरी लगाने का झांसा देकर 5 लाख 25 हजार की ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, दयालबंद निवासी अभय किशोर तिवारी ने रिपोर्ट लिखाई। 2022 में वे यहां रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान दयालबंद नारियलकोठी निवासी राकेश कुमार देवांगन उर्फ दुर्गेश पिता भेखूराम देवांगन ने उनसे मिलकर आईटीआई कुरूद में टीचर बताकर सिविल जज की तैयारी करना बताया। जान होने पर उसने वर्ष 2025 में अमीन पटवारी का पद पर नौकरी लगाने की बात कहते हुए अभय किशोर से 4 लाख रुपए यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर कर लिया। उसके बाद 1 लाख 25 हजार रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी कर लिया था। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318, 4, 338, 336, 3, 340,2, 341, 2 के तहत आरोपी राकेश कुमार देवांगन को गिरफ्तार कर लिया है।

### आग की घटना रोकने दी गई समझाइश

**बिलासपुर।** वन मंडल बिलासपुर में फायर सीजन के दौरान जंगल को आग की घटना से बचाने के लिए ग्रामीण एरिया में शिविर और प्रशिक्षण के माध्यम से समझाइश देना शुरु कर दिया गया है। इसके तहत गुरुवार को बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के निर्देश पर कोटा रेंज में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि वन समिति के अध्यक्ष जोसे लालजी के अलावा उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन, स्थायी वन एवं पर्यावरण समिति की सभापति उर्मिला प्रधान, वन परिक्षेत्र अधिकारी व समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में कोटा क्षेत्र के जंगल में आग से बचाव हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला की गई। इसमें जंगलों को आग से बचाने और आग से होने वाले नुकसान के संबंध में विस्तृत चर्चा कर वन समिति के साथ अवैध चराई कटाई एवं आग से बचाव हेतु जंगल के संरक्षण व संवर्धन के संबंध में समझाइश ग्रामीणों को दी गई।

---

आज निकाली जाएगी प्रश्नों की लॉटरी | निगम चार में महीने बाद होने जा रही सामान्य सभा

# सामान्य सभा के लिए विपक्ष से अधिक भाजपा पार्षदों ने दागे सवाल

**बिलासपुर।** नगर निगम में करीब चार महीने बाद सामान्य सभा होने जा रही है, इसलिए पार्षदों ने प्रश्नों की झड़ी लगा दी है। मजेदार बात यह है कि विपक्ष कांग्रेस से ज्यादा सत्तापक्ष भाजपा के पार्षदों ने सवाल दागे हैं। सामान्य सभा के लिए कुल 33 पार्षदों ने प्रश्न लगाए हैं, जिनकी लॉटरी शुक्रवार को दोपहर 12 बजे विकास भवन में महापौर, सभापति एवं नेता प्रतिपक्ष की उपस्थिति में निकाली जाएगी।

नगर निगम में 13 फरवरी को सामान्य सभा रखी गई है, जिसके लिए निगम द्वारा सभी पार्षदों से प्रश्न मंगाए गए थे। इसमें प्रश्न लगाने वालों में विपक्ष कांग्रेसी पार्षदों के मुकाबले भाजपाई आगे निकल गए हैं। कांग्रेस के 13 पार्षदों ने सामान्य सभा के लिए प्रश्न लगाए हैं जबकि सत्तापक्ष भाजपा के 20 पार्षदों द्वारा प्रश्न लगाया गया है। इस तरह कुल 33 पार्षदों ने प्रश्न लगाए हैं और एक-एक पार्षदों द्वारा दो-दो प्रश्न के हिसाब से कुल 66 प्रश्न आएंगे। इन प्रश्नों की लॉटरी शुक्रवार को निगम के जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में निकाली जाएगी।




### पार्षदों ने पूछे इस तरह के सवाल

सामान्य सभा के लिए पार्षदों द्वारा तरह-तरह के प्रश्न किए गए हैं। इनमें पेयजल संकट पानी समस्या, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, आवास समस्या, सीवरेज पाइप लाइन, तालाब सौंदर्यीकरण कार्य से संबंधित, खराब सड़क, सीसी रोड निर्माण, मूलभूत सुविधाओं की कमी, अमृत मिशन योजना, स्ट्रीट लाइट नहीं जलने, टैक्स वसूली, मंगला में कचरा डंपिंग, साफ-सफाई समस्या सहित निर्माण एवं विकास कार्यों आदि के प्रश्न शामिल हैं।

### अक्टूबर में हुई थी सामान्य सभा

इससे पूर्व नगर निगम में 6 अक्टूबर 2025 को सामान्य सभा देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में हुई थी। इस तरह से करीब चार महिने बाद निगम में फिर से सामान्य सभा होने जा रही है, जिसे लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के पार्षद उत्साहित नजर आ रहे हैं। बीच में निगम सभापति विनोद सोनी एवं नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने सामान्य सभा कराने महापौर श्रीमती पूजा विधानी सहित निगम आयुक्त को पत्र भी लिखा था।

### विरोध में कांग्रेस गिफ्ट करेगी मोमबत्ती व लालटेन

■ कांग्रेस ने निगम को स्ट्रीट लाइट ठीक करने तीन दिनों की दी चेतावनी

शहर में जगह-जगह बंद पड़े स्ट्रीट लाइट को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। शहर कांग्रेस कमेटी ने निगम प्रशासन को तीन दिनों के भीतर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था ठीक करने कहा है, अन्यथा कांग्रेस द्वारा निगम प्रशासन को मोमबत्ती और लालटेन गिफ्ट किया जाएगा।

शहर में जगह-जगह स्ट्रीट लाइट बंद पड़े है, जिसे लेकर अब शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर नगर निगम अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 50 प्रतिशत से अधिक की संख्या में बिलासपुर की स्ट्रीट लाइट या तो काम नहीं कर रही है या बंद पड़ी हुई है। सड़क किनारे लगे कई स्ट्रीट लाइट बदहाल स्थिति में है जिसका सुधार करना अत्यंत आवश्यक है। रात में शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निगम के स्ट्रीट लाइट का बंद होने से कई प्रकार के दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। इसलिए शहर के सभी स्ट्रीट लाइट को तत्काल दुरुस्त करने की आवश्यकता है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन मंत्री एवं बिलासपुर जिला प्रभारी अरुण साव है फिर भी बिलासपुर में लचर व्यवस्था बनी हुई है। नगर निगम तीन दिवस भीतर समस्त स्ट्रीट लाईट को मरम्मत और दुरुस्त करवाए ताकि किसी तरह की दुर्घटनाओं और असुविधा से बचा जा सके। शहर कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले स्ट्रीट लाईट को मरम्मत नहीं कराया जाता है तो शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर निगम कार्यालय जाकर निगम प्रशासन को मोमबत्ती और लालटेन गिफ्ट किया जाएगा।

---

सरजू बगीचा गली में हुए निर्माण कार्य में की गई गड़बड़ी

# निगम का कमाल: बना दी 7 इंच ऊंची नाली, पूरे इलाके में भरेगा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकारी रूपयों की बर्बादी करने में निगम के इंजीनियर और ठेकेदारों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। हाल ही में वार्डों में नाली निर्माण और सड़क निर्माण किया जा रहा है, लेकिन इसमें भी भर्राशाही हावी है। वार्ड नंबर 32 सरजू बगीचा सुक्कू बाड़ा में किए गए नाली निर्माण में खुल लापरवाही बरती गई है। पूर्व की 15 इंच गहरी नाली को तोड़ 7 से 8 इंच ऊंची नाली बनाई गई है। यह कारनामा नगर निगम के इंजीनियरों की देख रेख में किया गया है, जिससे बारिश के मौसम में पानी भरने की मुसीबत मोहल्लेवासी को भुगतना तय है।

दरअसल मोहल्ले में 15 इंच गहराई की नाली मौजूद थी, नियमित सफाई होने पर कभी पानी निकासी की समस्या मोहल्ले वासियों को कभी नहीं हुई है लेकिन सरकारी रूपयों की बंदरबांट में लगे अधिकारी, ठेकेदार और छुटभईयां नेताओं ने मिलकर पहले तो बनी बनाई नाली को तोड़ नई नाली बनाई है। 20 इंच चौड़ी की नाली बनाने का प्रस्ताव पास कराया गया और काम शुरू कर दिया, लेकिन ठेकेदार व इंजीनियर ने मिलकर नगर निगम को जमकर चूना लगाया है। मौके पर नालियां असामान्य चौड़ाई की बनाई गई है। ठेकेदार ने रूपए बचाने के लिए महज 15 और 12 इंच चौड़ी नाली बनाई है। ऐसे में नाली में कचरा आते ही बरसाती पानी सीधे लोगों के घरों में घुसने की नौबत आएगी। मुहल्ले के लोगों ने निगम के अधिकारियों को बार-बार चेताया लेकिन ठेकेदार को खुली छूट देते हुए अधिकारियों ने आंखें मूंद ली है।



### नालियों में दबी हैं लकड़ियां

नाली निर्माण में प्लाई और लकड़ी लगाई गई है, लेकिन स्लैब बनाने के बाद ठेकेदार ने अपनी गलती छिपाने के लिए बिना लकड़ियों को निकाले नालियों में ढक्कन लगा दिया गया है। जिससे भविष्य में कचरा जमा होने की आशंका बनी हुई है। ऐसा ही वाक्या पिछले साल बारिश के दिनों में देखने को मिला था जब मसानगंज की मुख्य सड़क पर बारिश का पानी बेहने लगा था, उस दौरान भरी बरसात में नालियों को खोदकर लकड़ी निकाली गई थी।

### अतिक्रमण हटाए बिना बना दी सड़क

नाली और सड़क निर्माण के लिए नियमों को जमकर अनदेखी की गई है। नेताओं का संरक्षण पाने के लिए निगम के लाखों रूपए बर्बाद कर दिए गए हैं। मोहल्ले में कई लोगों के द्वारा नगर निगम और नजूल जमीन, सड़क पर जबरिया कब्जा कर लिया गया है। इस दौरान चबूतरें बनाए गए है। जिससे लोगों को आने जाने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन नगर निगम के अधिकारी अतिक्रमण हटाने में पीछे रह गए हैं।

### की जाएगी कार्रवाई

नालियों में लकड़ी छोड़ देना सही नहीं है। निर्माण में लापरवाही पर ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाने संबंधितों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा।

-**प्रकाश सर्वे**, कमिश्नर, ननि

### शहर में शामिल फिर भी कच्ची सड़क से हो रही निस्तारी, लोगों में आक्रोश



मोपका सिटी पार्क कालोनी में रहने वाले लोगों को खासी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। कालोनी की सड़क जर्जर होकर खस्ताहाल हो चुकी है। लोगों के बार-बार शिकायत के बाद भी सरकारी महकमा सड़क की सूरत सुधारने को तैयार नहीं है। ऐसे में लोगों में अब आक्रोप पनपने लगा है। लोगों का कहना है कि जल्द ही सड़क की समस्या हल नहीं होने पर मुख्य सड़कों पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

मोपका क्षेत्र के ज्यादातर हिस्से नगर निगम में शामिल है, शहर से लगा हुआ इलाका होने के कारण यहां तेजी से बसावट हो रही है लेकिन सुविधाओं के मामले में यह अभी पिछड़ा हुआ है। सिटी पार्क कालोनी की सड़क कच्ची है। रोजाना सड़क पर धूल के गुब्बार उड़ते है, जिससे हर आने जाने वाले को तकलीफ हो रही है लेकिन प्रशासन और नगर निगम को कई बार अच्छी सड़क बनाने की मांग स्थानीय लोगों के द्वारा की गई है। हाल ही में रहवासियों ने पार्षद से मिलकर सड़क बनाने की मांग की है। लोगों ने कहा कि सालों से सड़क बदहाल है, बारिश के दिनों में हालत दयनीन हो जाती है, घरों में पानी भरने की नौबत आती है। ऐसे में सड़क दुरूस्त किया जाना आवश्यक हो चुका है।




### महिलाओं के लिए बना स्वास्थ्य केन्द्र, मिलता है सिर्फ आश्वासन

कागजों में 4 स्वास्थ्यकर्मियों की है ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ तखतपुर ब्लॉक के राजपुर का मामला

गांवों में गर्भवती महिलाओं की समस्याओं को देखते हुए मातृत्व आश्वासन स्वास्थ्य केन्द्र बनाए गए हैं, लेकिन ज्यादातर केन्द्रों में स्वास्थ्यकर्मी नदारद रहते हैं। हालत यह है कि सुबह 10 से 5 की ड्यूटी देने वाला कोई कर्मचारी यहां मौजूद नहीं होता है। जिसके चलते लोगों को इलाज के लिए शहर पहुंचना पड़ता है।

तखतपुर ब्लॉक के स्वास्थ्य केन्द्रों की हालत सबसे अधिक खराब है। सरकारी फंड से स्वास्थ्य केन्द्र व उप स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा प्रसव पीड़िता व गर्भवती मिलाओं के लिए बनाए गए आयुष्मान मातृत्व आश्वासन केन्द्रों में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है। हालत यह है कि कई केन्द्रों में स्वास्थ्य कर्मी तक मौजूद नहीं रहते हैं, वहीं कई केंद्र 15 दिनों तक नहीं खुलते हैं। ऐसे में इलाज के लिए लोगों को भटकना पड़ता है। ताजा मामला तखतपुर ब्लॉक के राजपुर का है, जहां स्वास्थ्यकर्मी हमेशा नदारद रहते हैं। गांव वालों का कहना है कि यहां कभी-कभार ही स्वास्थ्यकर्मी व नर्स पहुंचती है। ऐसे में स्वास्थ्य केन्द्रों के औचित्य पर ही सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां 4 स्वास्थ्यकर्मियों की पदस्थापना दी गई थी, लेकिन इसमें से 2 स्वास्थ्यकर्मियों ने अपना अटैचमेंट करा लिया है, जिसके चलते अब यहां ताला लग चुका है।

### चल रही है डॉक्टर व स्टाफ की ट्रेनिंग

वर्तमान में भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिन सेंटरों में स्वास्थ्यकर्मी नहीं हैं, वहां वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कर्मचारियों को भेजा जाता है। राजपुर में एक सीएचओ, आरएचओ की पदस्थापना है। वर्तमान में ट्रेनिंग जारी है, जिसके चलते वे नहीं पहुंच पाए हैं। ट्रेनिंग खत्म होते ही सभी ड्यूटी देंगे।

-**डॉ शुभा गरेवाल**, सीएमएचओ

---

# सकरी व राजकिशोरनगर में रजिस्ट्री आफिस खोलने की मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ ग्रामीण अंचल के पक्षकारों को मिल सकेगी सुविधा

आम नागरिकों को रजिस्ट्री एवं पंजीयन से जुड़ी सेवाएं सहज, सुलभ और समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा जिले में दो और उप पंजीयक कार्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गई है।

सकरी एवं राजकिशोर नगर में स्थापित होने वाले कार्यालयों से आसपास के ग्रामीण अंचलों के पक्षकारों को बड़ा लाभ हो सकेगा। इस संबंध में काफी पहले से कवायद की जा रही थी। आखिरकार शासन द्वारा इसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई। नए उप पंजीयक कार्यालयों के खुलने से संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों को रजिस्ट्री कार्य के लिए दूरस्थ जिला मुख्यालयों तक नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय और धन की बचत होगी, भीड़ कम होगी तथा पंजीयन प्रक्रिया अधिक सुगम और पारदर्शी बनेगी।

इसके अलावा स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा और प्रशासनिक कार्यों में गति आने की भी संभावना है। स्थापित होने वाले इन कार्यालयों में भी ऑटो डीड जनरेशन, आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन, घर बैठे रजिस्ट्री, स्वतः नामांतरण, ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाणपत्र, एकीकृत कैशलेस भुगतान, व्हाट्सएप आधारित सेवाएं, डिजीलॉकर एकीकरण, डिजी-डॉक सेवा तथा खसरा नंबर के माध्यम से ऑनलाइन सर्च एवं रजिस्ट्री डाउनलोड की सुविधाएं भी शामिल होंगी।

### रजिस्ट्री का मॉडल ऑफिस भी जल्द

रजिस्ट्री विभाग का मॉडल आफिस भी भारतीय नगर में आकार ले रहा है। सूत्रों के अनुसार होली के आसपास यह पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा। मॉडल ऑफिस पूरी तरह हाईटेक होगा, जिसे कार्पोरेट ऑफिस की तरह तैयार किया जा रहा है। यहां पक्षकारों को एसी वेटिंग रूम, स्वच्छ पेयजल, वॉशरूम सहित समस्त सुविधाएं मिल सकेंगी।

# झूठी शिकायतों से सराफा कारोबारियों पर मंडाराया संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन ने सराफा व्यापारियों के खिलाफ हो रही पुलिस कार्रवाई को लेकर गंभीर चिंता जताई है। एसोसिएशन का कहना है कि अवैध और तथाकथित शिकायतों के आधार पर बिना जांच के की जा रही कार्रवाई से वर्षों से ईमानदारी से व्यापार कर रहे सराफा कारोबारियों की प्रतिष्ठा और आजीविका दोनों पर संकट खड़ा हो गया है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने इस संबंध में बिलासपुर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से पहले मामले की विस्तृत, तथ्यात्मक और निष्पक्ष जांच की जाए। उनका कहना है कि बिना जांच सीधे कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं है और इससे व्यापारिक माहौल खराब हो रहा है। कमल सोनी ने बताया कि बिलासपुर शहर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में सराफा व्यापारी अपने परिचित ग्राहकों को सोने-चांदी के आभूषण गिरवी रखकर ऋण प्रदान करते हैं, जो पूरी तरह एक वैधानिक और स्थापित व्यावसायिक प्रक्रिया है। तय समय सीमा में यदि लेनदार ऋण और ब्याज नहीं चुकाता, तो नियमों के अनुसार गिरवी रखा आभूषण व्यापारी की संपत्ति माना जाता है।इसके बावजूद कुछ मामलों में लेनदार पुराने और निपट चुके मामलों को दोबारा उठाकर पुलिस में शिकायत दर्ज करा रहे हैं।



### व्यापारियों पर दबाव बनाने की हो रही कोशिश

एसोसिएशन का आरोप है कि हाल के दिनों में सोने की कीमतों में आई तेज़ बढ़ोतरी के कारण कुछ लोग अनुचित आर्थिक लाभ के उद्देश्य से व्यापारियों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। झूठी और भ्रामक शिकायतों के जरिए पुलिस को गुमराह किया जा रहा है, जिससे निर्दोष सराफा व्यापारियों को मानसिक तनाव, सामाजिक बदनामी और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। हाल ही में बिलासपुर के कुछ ज्वेलर्स के खिलाफ सामने आई शिकायतों को भी इसी प्रवृत्ति का उदाहरण बताया गया है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन ने प्रशासन से स्पष्ट मांग की है कि किसी भी शिकायत पर कार्रवाई से पहले यह जांच अनिवार्य की जाए कि क्या लेनदार ने निर्धारित अवधि में ऋण चुकाने का प्रयास किया था या नहीं। एसोसिएशन ने भरोसा जताया कि निष्पक्ष जांच से ही न्याय संभव है और इससे व्यापारियों का विश्वास तथा कानून व्यवस्था दोनों मजबूत होंगी।

# मोबाइल की प्री बुकिंग के नाम पर 16 लाख रुपए की ठगी, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** व्यवसायी को फ्लैगशिप मोबाइल के प्री बुकिंग में छूट और मुनाफे का लालच देकर 16 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। निवेश के नाम पर व्यवसायी से किश्तों में रुपए जमा कराए गये। बाद में ठगी का एहसास होने पर व्यवसायी ने कोतवाली पुलिस से मामले की शिकायत की है। बताया जा रहा है कि अर्पित अग्रवाल स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग और फोन खरीदी बिक्री का काम करते है। व्यवसायी के अनुसार रियल स्टेट कारोबारी आदित्य गुप्ता के माध्यम से आयुष सिंह राजपूत से उसकी पहचान हुई हुई थी। आदित्य गुप्ता ने बताया कि आयुष रेत माफिया है। इसका करोड़ों का कारोबार है। वो कान्हा मोबाइल के संचालक के साथ भी काम करता है। 20 अक्टूबर 2025 को आयुष सिंह ने अर्पित अग्रवाल को बताया कि वीवो के फ्लैगशिप फोन पर क्रेडिट कार्ड के माध्यम से प्री-बुकिंग पर भारी छूट मिल रही है। यह फोन बड़े मोबाइल डीलर कान्हा मोबाइल के पास ही उपलब्ध हो सकता है। अर्पित अग्रवाल 12 नवंबर को आयुष सिंह के साथ कान्हा मोबाइल दुकान पहुंचा।

# मारपीट की 13 दिन और बाइक चोरी की 3 दिन बाद लिखी गई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मारपीट की 13 दिन व बाइक चोरी की 3 दिन बाद पीड़ितों की थानों में एफआईआर दर्ज की गई है। थानों में हर मामले में लिखित शिकायत लेकर चलता किया जा रहा है।



तोरवा पुलिस के अनुसार, हेमूनगर मधुसुदन हाईट्स निवासी रिटायर्ड रेलवेकर्मी नारायण सिदाम 23 जनवरी को शाम 6.30 बजे सत्संग मंदिर से वापस अपने घर गए और अपार्टमेंट के अंदर गाड़ी खड़ी की। उस दौरान उनकी पत्नी बेटी बाजार जाने के लिए निकल रहे थे। उनकों वे गाड़ी दे रहे थे। उसी समय निशान कुमार पेगवार ने स्कूटी से आकर खड़ी गाड़ी कर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। उनकी पत्नी व बेटी बीच बचाव करने लगे हल्ला सुनकर उनका बेटा आया। इसी दौरान सचिन कुमार भी आया और उसके साथ मिलकर मारपीट करना शुरू कर दिया। गार्ड की लाठी उठाकर उनके बेटे को मारने लगे।

श्री सिदाम ने यह भी कहा है दोनों हमलावरों ने उनसे हाइवा खरीदने के नाम पर 17 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी की थी। श्री सिदाम उस दिन रिपोर्ट लिखाने गए तो उनसे लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया था। 13 दिन बाद 3 फरवरी को उनकी रिपोर्ट पर हमलावर निशांत कुमार पेंगवार, सचिन कुमार मानिकपुरी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### तीन दिन बाद बाइक चोरी की रिपोर्ट

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला धूरीपारा निवासी छोटे लाल मरावी पिता सालिकराम मरावी 41 साल 31 जनवरी की शाम 7 बजे अपनी प्लेटिना क्रमांक सीजी 10 ईजी, 7478 में महाराणाप्रताप चौक के पास शराब दुकान में गए थे। दुकान के सामने बाइक खड़ी कर आहता में शराब पीने चले गए। 8 बजे वापस बाहर आए तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी। तीन दिन बाद 3 फरवरी को उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# मोबाइल दुकान की आड़ में चल रही थी ई सिगरेट व विदेशी चाकू की बिक्री

**अंबिकापुर।** सरगुजा में भी अब महानगरों की तर्ज पर ई सिगरेट के कारोबार का चलन बढ़ता जा रहा है। युवा ई सिगरेट बेधड़क पी रहे है। बड़ी बात यह है कि शहर में बड़े दुकानदारों द्वारा बाहर से ऑनलाइन ई सिगरेट मंगवाकर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही अब शहर ने चाइनीज चाकू भी उपलब्ध कराए जा रहे है। इस बात का खुलासा गुरुवार को पुलिस की कार्रवाई से हुआ है। प्रारंभिक कार्रवाई में पुलिस ने ई सिगरेट और चाकू बरामद किया है। स्कूल के समीप संचालित मोबाइल दुकान में खुलेआम इनकी बिक्री की जा रही थी। फिलहाल पुलिस द्वारा व्यवसायी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

बताया जा रहा है कि शहर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल रोड शासकीय मणिपुर स्कूल के सामने संचालित अमित मोबाइल में ई सिगरेट और विदेशी चाकू बिक्री किए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना के बाद सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में मणिपुर थाना प्रभारी सीपी तिवारी व पुलिस टीम ने दोपहर में दुकान में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मोबाइल दुकान की जांच के दौरान बड़ी मात्रा में ई सिगरेट, ई सिगरेट के रीफिल, अन्य सामान के साथ ही 25 से अधिक विदेशी चाकू बरामद किया है। व्यवसायी द्वारा लम्बे समय से अवैध रूप से ई सिगरेट की बिक्री का कारोबार किया जा रहा था। बड़ी बात यह है कि व्यवसायी शासकीय स्कूल के समीप अपने मोबाइल दुकान की आड़ ने में नशे का सामान बेच रहा था। इस कार्रवाई से स्पष्ट हुआ है कि सरगुजा के युवाओं में सिगरेट, गांजा, शराब के बाद अब ई सिगरेट के नशे का खुमार चढ़ रहा है

## खबर संक्षेप



### धनगांव में क्रिकेट महोत्सव का भव्य आगाज़

**कोरबा।** ग्राम पंचायत धनगांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच में बड़े ही उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। फ़ाइनल मैच के अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। इस अवसर पर कोरबा जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष के पति विश्वनाथ कंवर मुख्य रूप से उपस्थित रहे, वहीं भारतीय जनता पार्टी गढ़उपरोड़ा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को अनुशासन, एकता और स्वास्थ्य का माध्यम बताया। इस क्रिकेट फ़ाइनल मैच कार्यक्रम में ग्राम पंचायत धनगांव के सरपंच मुख्य अतिथि कलेश सिंह कंवर सरपंच ग्राम पंचायत धनगांव,नीलिमा लक्ष्मी सिंह तंवर उपसरपंच धनगांव, भाजपा गढ़उपरोड़ा मंडल मंत्री पति अमृतलाल तंवर, मुखी सिंह कंवर सचिव ग्राम पंचायत धनगांव,ग्राम पंचायत तिलाईडांड के सरपंच डिग्पाल सिंह कंवर, भाजपा गढ़उपरोड़ा मंडल मीडिया प्रभारी कृष्णादास महंत विशेष रूप से मौजूद रहे।

### दस दिवसीय निःशुल्क मार्शल आर्ट प्रशिक्षण का समापन




**कोरबा।** केयर स्किल फाउंडेशन की ओर से ग्राम पंचायत सोंड्रा स्थित शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में आयोजित 10 दिवसीय निःशुल्क मार्शल आर्ट (सेल्फ डिफेंस) प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से 82 छात्राओं को आत्मरक्षा का व्यावहारिक एवं सशक्त प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का संचालन अनुभवी प्रशिक्षक श्री माधव टांडी द्वारा किया गया, जिन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों के साथ-साथ मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सतर्कता के गुण भी सिखाए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें किसी भी आपातकालीन परिस्थिति का सामना करने के लिए सक्षम करना रहा। समापन अवसर पर केयर स्किल फाउंडेशन, धनेली सेंटर के सेंटर मैनेजर एवं पूरी टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही शासकीय कन्या माध्यमिक शाला, सोंड्रा के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण पूर्ण करने पर सभी 82 छात्राओं को प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान कर सम्मानित किया गया। शासकीय कन्या माध्यमिक शाला, सोंड्रा की स्थापना वर्ष 1901 में हुई थी और यह विद्यालय लंबे समय से बालिकाओं की शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस प्रकार के आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ समाज में सुरक्षा, जागरूकता एवं सशक्तिकरण का संदेश देते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने केयर स्किल फाउंडेशन इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# राज्य का सबसे उंचा 85 फीट का हवाई झूला लोगों को कर रहा आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अलग खबर

कटघोरा का प्रसिद्ध किसान मेला इस समय अपने पूरे खुमार पर है इस बार इस किसान मेले की सबसे बड़ी खासियत यहां के मेले में लगे झूले है जो मेला घूमने वालों के लिए रोमांचक लग रहा है इस वर्ष आयोजकों द्वारा लगाया गया किसान मेला में छत्तीसगढ़ का सबसे ऊंचा 85 फिट का हवाई झूला लोगों को अपनी ओर खासा आकर्षित कर रहा है साथ ही कटघोरा नगर में पहली बार आया जलपरी व रेंजर झूला भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में कोई कसर नही छोड़ रहा है।

पल में जिंदगी को मात देने वाला खेल मौत का कुआ को देखने लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं, साथ ही मेले में टोरा टोरा, हवाई झूला, मौत का कुआं, ड्रेगन झूला, बच्चो के लिए आकर्षक रेलगाड़ी, मिनी हवाई झूला व महिलाओं की खरीदारी के लिए क्राफ्ट बाजार भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है जिसमे हैदराबाद,गुजरात, राजस्थान,उत्तरप्रदेश जैसे प्रांतों से आये दुकानदारों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रदर्शनी लगाया गया है। बता दें कि कटघोरा के प्रसिद्ध किसान मेले को लगते 68 वर्ष हो चुके है इस किसान मेले का आयोजन 1956 से किया जा रहा है दिन प्रतिदिन इस मेले का आकर्षण व स्वरूप बढ़ता ही जा रहा हैं इस वर्ष किसान मेले में झूलों की भरमार है रात्रि के समय मेले में लगे झूलो की रोशनी सहज ही अपनी ओर आने वाले लोगो आकर्षित करती है कटघोरा के किसान मेले को देखने कोरबा जिला ही नही बल्कि अन्य पड़ोसी जिलो से भी लोग यहां पहुंचते है। इस मेले की शुरुआत हर वर्ष 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन से प्रारम्भ किया जाता है जो कि करीब 15 तक चलता है जैसे जैसे दिन प्रतिदिन आगे बढ़ते जाता है भीड़ उतनी ही अधिक बढ़ती जा रही है।

### कटघोरा में आयोजित हो रहा किसान मेला

**खास बातें**

- किसान मेले में उमड़ा जनसमुदाय
- 68 वर्षों से हो रहा मेला का आयोजन



## कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र पाली का किया निरीक्षण

# बच्चों में शारीरिक विकास के लिए समय पर पोषण आहार आवश्यक : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्या नाम है बेटा? खाना ठीक लग रहा है न? आप बच्चे की माँ हैं, यहाँ कोई समस्या तो नहीं? यहाँ 15 दिन तक आपके बच्चे को पोषण आहार मिलेगा। इसके बाद जब आप घर जाएँगी, तब भी बच्चे को पोषणयुक्त भोजन अवश्य देना। 6 छह माह से 6 वर्ष तक के बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए संतुलित खानपान बहुत जरूरी है। आप नियमित ध्यान रखेंगी तो वजन और लंबाई दोनों बढ़ेंगे। यदि कोई समस्या आए तो तुरंत अस्पताल लेकर आइए।

इन आत्मीय शब्दों के साथ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पाली स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती बच्चों की जानकारी माताओं से ली और बच्चों की देखभाल पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। कलेक्टर श्री दुदावत ने आज पाली ब्लॉक मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं, पंजीयन की प्रक्रिया और प्रतिदिन ओपीडी में होने वाले उपचार की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला और पुरुष वार्ड, प्रसव कक्ष, सोनोग्राफी कक्ष, दवा वितरण केंद्र, ऑपरेशन थियेटर, दंत रोग उपचार कक्ष, नेत्र रोग विभाग तथा प्रयोगशाला का भी विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सा उपकरणों और दवाइयों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए नेत्र विभाग में बंद मशीन को प्रारंभ करने, प्रयोगशाला में जाँच होने के बाद मरीजों को रिपोर्ट उनके मोबाइल पर भेजने और आईसीयू को 15 दिनों के भीतर व्यवस्थित कर संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी मरीज को दवा के लिए बाहर न जाना पड़े, अस्पताल एवं जेनेरिक मेडिकल स्टोर में सभी आवश्यक दवाइयाँ कम कीमत पर उपलब्ध कराई जाएँ। उन्होंने अस्पताल परिसर की स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, मरीजों की देखभाल और समय पर उपचार की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। सोनोग्राफी सहित सभी यंत्रों के सुचारू रखरखाव, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निगरानी पर भी उन्होंने विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने महिला और पुरुष वार्ड में भर्ती मरीजों से भोजन और दवाइयों के वितरण की जानकारी ली। मरीजों ने बताया कि उन्हें भोजन और दवाइयाँ समय पर मिल रही हैं। कलेक्टर ने प्रयोगशाला की व्यवस्था को और बेहतर बनाने, आयुष विभाग के सुचारू संचालन, अस्पताल परिसर में नोटिस बोर्ड लगाने और स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएमओ को स्वास्थ्य केंद्र में एमडी मेडिसिन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को भी कहा।


जानकारी लेते कलेक्टर श्री दुदावत।

### पोषण पुनर्वास केंद्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री दुदावत ने पाली स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार, भोजन और नियमित स्वास्थ्य जाँच की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एनआरसी की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। किचन और वाशरूम की स्वच्छता सुनिश्चित करते हुए मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जाए।

# कर्दम तीर्थ केंदई में स्वास्थ्य शिविर 11 को

**बिलासपुर।** कर्दम तीर्थ केंदई में ब्रह्मलीन संत स्वामी शारदानंद सरस्वती महाराज द्वारा स्थापित स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 11 फरवरी को होगा।

45वें विष्णु महायज्ञ के आयोजन हेतु महामण्डलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज 8 फरवरी को केंदई पहुंचेंगे। स्वास्थ्य शिविर विगत 30 वर्षों से किया जा रहा है, जिसमें सेवा देने के लिए बिलासपुर से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम बुधवार को केंदई पहुंचेगी। इसमें प्रमुख रूप से डीएनबी न्यूरोलाजिस्ट डॉ. रजनीश पाण्डेय, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रभूषण देवांगन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव कौशिक, एमडी फिजिशियन डॉ. मनोज मौर्या, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियदर्शनी, आई स्पेशलिस्ट डॉ. संदीप तिवारी अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहेंगे। इस दौरान खून, पेशाब की जांच भी की जाएगी। हड्डी की मजबूती के लिए बीएमडी टेस्ट करने के साथ शुगर की जांच, थाइराइड जांच भी निःशुल्क की जाएगी। इस अवसर का लाभ उठाने सभी ग्रामीण वनवासी से आश्रम में अपना पंजीयन कराने अनुरोध किया गया है।



### यज्ञ, अनुष्ठान 9 से

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आश्रम में सामूहिक विवाह एवं विष्णु महायज्ञ की तैयारियां चल रही हैं। यह अनुष्ठान 9 फरवरी से प्रारंभ होकर 17 फरवरी तक चलेगा एवं यज्ञशाला प्रवेश होगा। इसके पश्चात धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। 17 फरवरी को सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है जिसमें क्षेत्र के करीब सौ जोड़ों का वैदिक रीति रिवाज के साथ विवाह संपन्न होगा। देश विदेश से संत एवं भक्तजन इस आयोजन में शामिल होने पहुंचेंगे।

# वसूली अभियान में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होगी बर्दाश्त : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद कार्यालय में मुख्य नगर अधिकारी (सीएमओ) मुद्रिका प्रसाद तिवारी के द्वारा वसूली अभियान को लेकर एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई बैठक में नगर पालिका के समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीएमओ श्री तिवारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर पालिका की आय बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे वसूली अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सम्पत्ति कर, जलकर एवं अन्य बकाया राशि की वसूली समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वसूली अभियान नगर विकास की रीढ़ है और इससे प्राप्त राजस्व से ही शहर के विकास कार्यों को गति मिलती है। इसलिए प्रत्येक कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी व निष्ठा से निभाए लक्ष्य पूरा न करने वाले कर्मचारियों पर आवश्यक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। बैठक में सीएमओ ने वार्डवार समीक्षा करते हुए कमजोर प्रगति वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए तथा घर-घर जाकर बकाया वसूली करने पर जोर दिया। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई कि वे समय पर टैक्स जमा कर नगर पालिका के विकास में सहयोग करें व नगर के किसी भी वार्ड में कोई समस्या हो तो उसकी सूचना तत्काल नगर पालिका में दे। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक,सब इंजीनियर, कर संग्रहकर्ता सहित अन्य सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।


मुद्रिका प्रसाद तिवारी

# वनौषधि उपचार से 15 सौ से अधिक मरीजों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में वनोपज पर आधारित आजीविका सदियों से महिलाओं के जीवन और आर्थिक संरचना का अभिन्न हिस्सा रही है। जंगलों से प्राप्त वनोषधि एवं अन्य वनोपज न केवल पारंपरिक ज्ञान का प्रतीक हैं, बल्कि आज के समय में महिला स्वावलंबन, स्वास्थ्य और सतत रोजगार का मजबूत आधार भी बन रहे हैं। जब संगठित प्रयास, प्रशिक्षण और बाजार से जुड़ाव मिलता है, तब यही वनोपज ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आत्मनिर्भरता और सम्मान का नया अध्याय रचते हैं। इसी सोच को साकार करता हुआ एक सशक्त उदाहरण है डोंगानाला का हरिबोल स्व सहायता समूह है, वर्ष 2006-07 में यूरोपियन कमीशन परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत इस पहल के माध्यम से गठित हरिबोल स्व सहायता समूह ने आज महिला सशक्तिकरण की एक सफल मिसाल कायम की है। 12 महिला सदस्यों से युक्त यह समूह वनौषधि प्रसंस्करण केंद्र, डोंगानाला का सफल संचालन कर रहा है, जहां कच्ची वनौषधियों का संग्रहण, वैज्ञानिक पद्धति से प्रसंस्करण एवं विपणन किया जाता है। समूह की महिलाएं स्वयं जंगलों से कच्ची वनौषधि एकत्र कर, निर्धारित घटक मात्रा के अनुसार प्रसंस्करण कार्य करती हैं। प्रसंस्करित वनौषधियों की मांग स्थानीय स्तर के साथ-साथ प्रदेश स्तर पर भी निरंतर बनी हुई है। समूह द्वारा उत्पादित वनौषधियों का विक्रय एन.डब्ल्यू.एफ.पी. मार्ट बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, कांकेर, अंबिकापुर, जगदलपुर सहित संजीवनी केंद्र केवची (कटघोरा) एवं कोरबा में किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रसंस्करण केंद्र में नियुक्त वैद्य द्वारा स्थानीय एवं आसपास के क्षेत्रों के 15 सौ से अधिक मरीजों का सफल उपचार किया जा चुका है, जिनमें वातरोग, बवासीर, पथरी, उदररोग, बांझपन, सिरदर्द, ज्वर, चर्मरोग, लकवा, टीबी, सफेद पानी सहित अनेक रोग शामिल हैं। महिलाओं द्वारा हिंगवाष्टक चूर्ण, अजमोदादि चूर्ण, अश्वगंधादि चूर्ण, सितोपलादि चूर्ण, अविपत्तिकर चूर्ण, बिल्वादि चूर्ण, पुष्यानुग चूर्ण, त्रिफला चूर्ण, पंचसम चूर्ण, शतावरी चूर्ण, आमलकी चूर्ण, पायोकिल (दंतमंजन), सर्दी-खांसी नाशक चूर्ण, हर्बल कॉफी चूर्ण, महिला मित्र चूर्ण, हर्बल मधुमेह नाशक चूर्ण, हर्बल फेसपैक चूर्ण तथा हर्बल केशपाल चूर्ण का निर्माण किया जा रहा है।


वनौषधि तैयार करते हुए।

# पूर्व मंत्री ने श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में पहुंचकर कथा का किया रसपान


भगवताचार्य से आशीर्वाद लेते पूर्व मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शारदा बिहार कोरबा में देवेन्द्र श्रीवास परिवार के तत्वाधान में श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया है। कथा के पांचवे दिन पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, आयोजन स्थल पहुंचकर श्रीमद भागवत कथा का श्रवण किया। इस मौके पर श्री अग्रवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में संस्कार, सदभाव, आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के साथ- साथ भातृत्व भाव की भावना जागृत होती है। श्री अग्रवाल ने कहा कि जनवरी - फरवरी माह में देश के विभिन्न स्थानों पर श्रीराम कथा अखण्ड नवधा रामायण, श्रीमद भागवत कथा, श्री श्याम भजन महोत्सव का धुमधाम के साथ आयोजन हो रहा है। इस मौके पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कथावाचक पंडित अनिल शर्मा से आशीर्वाद लिया। कथा व्यास पीठ से पंडित ने अपनी अमृतमयी वाणी से भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा के चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि सुदामा चरित्र के माध्यम से सच्ची मित्रता, भक्ति, त्याग और समर्पण का मार्मिक संदेश मिलता है।

### पूर्व मंत्री ने किया श्री श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बांकीमोंगरा में आयोजित श्री खाटु श्याम भजन महोत्सव के कार्यक्रम में पहुंचकर खाटु नरेश श्री श्याम बाबा के भव्य श्रृंगार दर्शन किया और विधिवत पूजा अर्चना कर कोरबा जिलावासियों के लिए सुख समृद्धि, अमन चैन, वैभव ऐश्वर्य हेतु मंगलकामना की । इस मौके पर श्री अग्रवाल ने कहा कि इन दिनों देश भर के विभिन्न स्थानों पर श्री खाटु श्याम भजन महोत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है, जहां निशान यात्रा, भजन संध्या एवं छप्पन भोग के साथ श्याम बाबा का दरबार सजाया जा रहा है। यहां भी श्री श्याम बाबा के भक्तजनों ने श्याम प्रेमियों को भाव विभोर कर देने वाला भजन संध्या का आयोजन किया है।

### शासकीय महाविद्यालय में खो-खो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कोरबा।** परिक्षेत्र स्तरीय खो-खो पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद स्कूल स्टेडियम करतला में किया गया। प्रतियोगिता में कोरबा जिले से 5 टीमों में शासकीय ई.वी.पी.जी. महाविद्यालय कोरबा स्वर्गीय प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैंसमा, शासकीय महाविद्यालय पाली, शासकीय महाविद्यालय करतला, कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा ने सहयोगिता की। फाइनल मैच पीजी कॉलेज कोरबा एवं भैंसमा कॉलेज के मध्य हुआ। दोनों के बीच काफी रोमांचक मैच हुआ, प्रतियोगिता के विजेता भैंसमा कॉलेज व उपविजेता पीजी कॉलेज रहा।

# विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन


भूमिपूजन करते नपाप बांकीमोंगरा के अध्यक्ष व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

क्षेत्रीय विकास और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए बांकीमोंगरा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की झड़ी लग गई है। शुक्रवार को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल और बांकीमोंगरा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा की उपस्थिति में भूमिपूजन हुआ। इसमें विशेष रूप से बच्चों के लिए अत्याधुनिक आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण और स्थानीय लोगों की पुरानी मांग को पूरा करते हुए बांकीमोंगरा के डेली सब्जी मार्केट का जीर्णोद्धार शामिल है। बांकीमोंगरा स्थित डेली सब्जी मार्केट अब नए स्वरूप में नजर आएगा। व्यापारियों और ग्राहकों की सुविधा के लिए यहाँ बेहतर शेड, पक्की फर्श और ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण किया जाएगा, जिससे बरसात के दिनों में होने वाली कीचड़ की समस्या से मुक्ति मिलेगी। वहीं बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न वार्डों में नए आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारशिला रखी गई है। भूमिपूजन के दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, "सब्जी मार्केट के व्यवस्थित होने से छोटे व्यापारियों को सम्मानजनक स्थान मिलेगा और ग्राहकों को भी सुविधा होगी। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास ने कहा कि परिषद क्षेत्र के हर वार्ड में मूलभूत सुविधाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य और समय सीमा के भीतर निर्माण पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। लंबे समय से अधूरी पड़ी इन मांगों के पूरे होने पर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने खुशी जाहिर की है।

### तिलहन फसलों में उत्कृष्ट उपलब्धि

**कोरबा।** इस वर्ष तिलहन फसलों पर विशेष ध्यान देने का परिणाम यह रहा कि निर्धारित 60 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध 109.251 हेक्टेयर में तिलहन बीज उत्पादन हेतु पंजीयन हुआ। इसमें सरसों 44 हेक्टेयर, मूंगफली 59 हेक्टेयर तथा अलसी 6.5 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है। तिलहन बीज उत्पादन में यह वृद्धि किसानों की आय बढ़ाने, बेहतर उपज प्राप्त करने और बाहरी बीजों पर निर्भरता कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## कोरबा मार्केट




कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोरबा-1 तहसील कोरबा, जिला कोरबा (छग)

**ज्ञापन सूचना तामिली (अंतिम अवसर)**

क्रमांक/क्र/रा.नि./2026
दिनांक 05/02/2026

प्रति

1 **आवेदक/आवेदिका** : हीरालाल थवाईत, विमल थवाईत, छेदूलाल थवाईत वगैरह

**समीपस्थ भूमिस्वामी/ग्रामवासी**

2 पार्वती पति अमृतलाल
3 पूजाबेन पति नीरज भाई
4 दिनेश मोदी
5 आयुक्त महोदय नगर निगम
6 CSPDCL कोरबा, (डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप वि. गृह कोरबा)
7 अन्य समस्त पक्षकार, चतुर्सीमा स्थित भूमि स्वामी

विषय : सीमांकन/स्थल जांच में उपस्थित होने बाबत।

ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. कोरबा-1 तहसील कोरबा, जिला कोरबा (छग) में स्थित भूमि खसरा नंबर 335/6 रकबा 0.33 एकड़ के सीमांकन हेतु तहसीलदार के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायालय आदेश पत्र क्रमांक /134/तह./वा./2026 कोरबा दिनांक 30/01/2026 के पालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 10/02/2026 को समय 11.00 बजे किया जायेगा।

अतः आप भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें बाद में आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

**राजस्व निरीक्षक/हल्का पटवारी**
**रा.नि.मं. कोरबा-1**
तहसील कोरबा, जिला कोरबा (छग)



## खबर संक्षेप



### माधव संस्कार समिति ने दिखाए सामाजिक सरोकार

**कोरबा।** नगर के शारदा विहार में माधव संस्कार समिति के द्वारा सामाजिक सरोकार का प्रदर्शन करते हुए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। सिविल में काफी संख्या में लोग लाभर्वित हुए। शिविर का उदेश्य लोगों को रक्तचाप और मधुमेह के खतरों से अवगत कराना था। डॉ स्वप्न विश्वास व डॉ एस सिंह ने लोगों का परीक्षण करने के साथ आवश्यक दवाई निशुल्क रूप से दी गई। अन्य बीमारियों के संबंध में भी लोगों को उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। लोगों को आहार विहार और जीवन शैली को बेहतर करने के बारे में भी सलाह दी गई। माधव संस्कार समिति ने सेवा गतिविधियों के अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया। शारदा विहार में आयोजित शिविर के माध्यम से 125 लोगों को लाभान्वित किया गया। इस तरह के कार्यक्रम और भी क्षेत्र में करने की योजना है। शिविर में क्षेत्र के पार्षद सुषमा राम शंकर साहू सहित प्रकाश सिंह, रत्नेश शुक्ला, विवेक साहू, विकास साहू, अमृत लाल बत्रा, सुखीराम यादव, दीपक मुखर्जी, नरेश पटेल, अनूप मंडल, नरेश पांडेय, दीपक सन्नी राजपूत, कृष्णा प्रसाद सोनी, अनिल शर्मा, राजकुमार सेठ व गणमान्य लोगों का सहयोग रहा।

### कटघोरा में मनाया गया रजत जयंती महोत्सव



**कटघोरा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी कटघोरा द्वारा मुक्त बिजली बिल योजना व पीएम सूर्य घर पर रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारी तथा विधायक प्रेमचंद पटेल द्वारा बिजली से जुड़ी विभिन्न योजनाएं उपभोक्ताओं हेतु और ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा सुविधाओं के बिस्तर पर जानकारी दी ग्रामीणों को नई ऊर्जा नीतियों उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध सुविधाएं और सोलर ऊर्जा से लाभों के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, महामंत्री कटघोरा संजय शर्मा, नगर पालिका के पार्षद पवन अग्रवाल, समाज सेवक फरीद खान, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष डाकेश्वर शुक्ला समजीत सिंह, कार्यपालन यांत्रिक अंशु वासने में सहायक यांत्रिक शेखर सोनी नारायण प्रसाद सोनी, रंजीत पैकरा, दिनेश पलके, कनिष्क यंत्री मंजू कंवर, मुजी तिग्गा, निकिता शिग, समाजसेवी तथा कांग्रेस के नेता फरीद खान ने कटघोरा ब्लॉक की मुफ्त बिजली बिल योजना और पीएम सूर्य घर जैसी पहल ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ ऊर्जा आत्मनिर्भर की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### निर्माणाधीन कुंआ धंसा मशीन दबी मलबे में

**कोरबा।** जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत आने वाले ग्राम भटगांव में निर्माणाधीन कुंए के धंसने से जहां किसान घायल हो गया। वहीं मलबे में मशीन के दब जाने से आर्थिक नुकसान हुआ है। कुंए धंसने की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसान को कुएं से बाहर निकाला। 10 साल पहले कुंए का निर्माण कार्य कराया गया था। बताया जाता है कि भटगांव निवासी बुधराम सिंह के द्वारा घर के बाड़ी में ही खेती बाड़ी व सिंचाई के लिए 10 वर्ष पूर्व कुएं का निर्माण कराया गया था, जिससे खेती बाड़ी की सिंचाई की जाती थी। गुरूवार को किसान कुंए के समीप काम कर रहा था। इसी बीच अचानक जोरदार आवाज के साथ कुंआ धंसक गया। एकाएक हुए घटना से बुधराम नीचे जा गिरा। वहीं आसपास रखी मशीन भी कुंए में गिरकर मलबे में दब गई। घटना की जानकारी लगते ही घर के परिजन व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बुधराम को बाहर निकाला। बताया जाता है कि किसान की दो मशीनें मलबे में दब गई है, जिसे लाखों रूपये का नुकसान हुआ है।

## सुबह 10 बजे शुरू होगा अभियान, 10 हजार से अधिक लोग होंगे शामिल

# कोरबा को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड का ताज पहनाने जुटेंगे शहरवासी

हरिभूमि न्यूज : कोरबा

अलग खबर

एक ही बैनर में स्वच्छता शपथ पर 1 घंटें की समयसीमा में 10 हजार से अधिक हस्ताक्षर कर अपने कोरबा शहर को गोल्डन बुक आफ वल्ड रिकार्ड का ताज पहनाने के लिए 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे घंटाघर से रविशंकर नगर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर कोरबावासी जुटेंगे, बैनर पर हस्ताक्षर करेंगे तथा ऊर्जाधानी कोरबा को एक बड़ी उपलब्धि से अलंकृत करेंगे।

**खास बात**

- घंटाघर से रविशंकर नगर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर निगम ने महाआयोजन की कर रखी है तैयारी

प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में यह महाअभियान आयोजित है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा उक्त मुख्य मार्ग पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है, तो वहीं आयोजन में आने वाले वाहनों, बस आदि की पार्किंग हेतु विभिन्न स्थानों पर 6 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि महासंकल्प 2026 के बैनर तले नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वच्छता शपथ पर हस्ताक्षर के पुराने रिकार्ड को तोड़कर नया रिकार्ड बनाने एवं गोल्डन बुक वल्ड रिकार्ड कोरबा के नाम हासिल करने हेतु 6 फरवरी को घंटाघर से रविशंकर शुक्लनगर मुख्य मार्ग पर प्रातः 10 बजे से वृहद आयोजन रखा गया है, इस वृहद आयोजन में 10 हजार से अधिक हस्ताक्षर एक घंटे की समयसीमा में कराने का लक्ष्य है ताकि पुराने रिकार्ड को क्रेक कर एक नया रिकार्ड कायम किया जा सके। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम ने इस महाआयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली है।



**280 मीटर बैनर, 14 जोन, 70 सेक्टर**

एक ही बैनर में स्वच्छता शपथ पर 10 हजार से अधिक हस्ताक्षर 1 घंटे की समयसीमा में करने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु घंटाघर से रविशंकर नगर की ओर जोन वाले मुख्य मार्ग पर यह आयोजन 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे रखा गया है, इस हेतु 280 मीटर लंबाई का एक बैनर लगाया जाएगा, जिसे आवश्यक व्यवस्था के मद्देनजर 14 जोन व 70 सेक्टर में विभाजित किया गया है, जहां पर जोनल व सेक्टर अधिकारियों की तैनाती रहेगी, जो सेक्टर समन्वयक व वालेटियर के माध्यम से व्यवस्थाओं को संभालेंगे।

## पतंग निकालने के चक्कर में ट्रांसफार्मर की चपेट में आया मासूम, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के अटल आवास (एमपी नगर) में बुधवार दोपहर एक हृदय विदारक घटना सामने आयी है। जहां पतंग निकालने के दौरान एक 8 वर्षीय बालक बिजली के खुले तारों की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। घायल बालक को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एमपी नगर अटल आवास निवासी एक 8 साल का मासूम स्कूल से लौट रहा था। इसी दौरान उसकी नजर ट्रांसफार्मर के पास फंसी एक पतंग पर पड़ी। जैसे ही वह पतंग निकालने के लिए पास पहुंचा उसका शरीर वहां मौजूद खुले तारों के संपर्क में आ गया। तार के संपर्क में आते ही चिंगारियां निकलने लगीं और बालक वहीं चिपक गया। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए किसी तरह बालक को निकाला और उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया। इस घटना के बाद से कॉलोनीवासियों में आक्रोश व्याप्त है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि लंबे समय से ट्रांसफार्मर का तार खुला छोड़ा गया था। खुले तारों की वजह से आए दिन मवेशियों की मौत होती रहती है। बिजली विभाग में कई बार शिकायतें की गई है लेकिन इसके बावजूद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मासूम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सामुदायिक भवन में इलेक्ट्रानिक सामानों की चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत कुंआभट्ठा में देवांगन समाज का सामुदायिक भवन है। समाज के कोषाध्यक्ष व पार्षद पंकज देवांगन ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि सामाज का सामुदायिक भवन अपना घर के पास कुआभट्ठा में स्थित है। उक्त भवन में प्रकाश का समुचित व्यवस्था के लिए बिजली का उपकरण जैसे बोर्ड, स्वीच, शॉकेट, एमसीबी एवं 10 पंखा सहित बहूत से सामान को लगाये है। उक्त भवन का देख-रेख में पंकज देवांगन द्वारा किया जाता है भवन का मुख्य द्वार का चॉबी पंकज देवांगन के पास था। विगत दिनों अज्ञात चोरों ने भवन का ताला तोड़कर भवन में लगे 10 नग काउटेंन कम्पनी का सिलिंग फेन एवं भवन में लगे बिजली उपकरण बोर्ड, स्वीच, शॉकेट, एमसीबी सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल को विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन का नैतिक समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार द्वारा लाये गए नए कानून लेबर कोड, पावर कम्पनियों के निजीकरण, ओपीएस की जगह यूपीएस लागू करने तथा संविदाकर्मियों को 10 साल की सेवा के बाद भी नियमित नहीं करने के विरोध में 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को अखिल भारतीय विद्युत कामगार महासंघ से सम्बद्ध एवं मान्यता प्राप्त एकमात्र ट्रेड यूनियन संगठन छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने नैतिक समर्थन देने का फैसला किया है।

इस संदर्भ में जनता यूनियन के प्रांताध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने बताया वे छत्तीसगढ़ में कार्यरत बिजलीकर्मियों से 12 फरवरी के इस अखिल भारतीय हड़ताल को बाहर से समर्थन देने तथा कर्मचारी हित, हक और सम्मान के लिए आवाज बुलंद करने का आह्वान करते हैं। उन्होंने विद्युत कम्पनी में कार्यरत कर्मचारियों से आह्वान करते हुए कहा है कि 12 फरवरी को कर्मचारी ड्यूटी पर आने के बाद काम शुरू करने से पहले अपने अपने कार्यालय के समक्ष केंद्र सरकार की दमनकारी श्रम नीति तथा अन्य प्रस्तावित मांगों की वादाखिलाफी के विरोध में नारेबाजी करें तथा सम्पूर्ण दिवस काली पट्टी बांधकर काम करें। जनता यूनियन के प्रांताध्यक्ष अनिल द्विवेदी और प्रांतीय महासचिव अजय बाबर ने संयुक्त रूप से बताया कि जनता यूनियन इलेक्ट्रसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 एवं नेशनल इलेक्ट्रसिटी पालिसी 2026 को वापस लेने, न्यूक्लियर पावर सेक्टर में निजी घराने के बडे पैमाने पर प्रवेश हेतु बनाये गए शांति एक्ट को वापस लेने के साथ ही उत्पादन के क्षेत्र में जॉइंट वेंचर समाप्त करने के साथ ही ट्रांसमिशन सेक्टर में टैरिफ बेस्ड काम्पटेटिव बिडिंग के नाम पर हो रहे, निजीकरण को तत्काल रोके जाने, पुरानी पेंशन बहाली तथा संविदा कर्मियों की सेवा नियमितीकरण, रिक्त पडे सभी पदों पर शीघ्र भर्ती किये जाने हेतु राज्य शासन एवं कंपनी प्रबंधन को मांगपत्र प्रेषित कर आंदोलनात्मक कार्यवाही प्रारंभ करेगी।

## बिजली समस्या निवारण शिविर से अधिकारी रहे नदारद




चैतमा स्थित विद्युत वितरण विभाग का कार्यालय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

चैतमा में विद्युत मंडल का कार्यालय एवं सब स्टेशन खुले लंबे समय बीत चुका है। बिजली से संबंधित उपभोक्ताओं को अनेकों शिकायतें रहती है, इसके निराकरण के लिए विभाग द्वारा चैतमा में शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें मांग संबंधी 6 एवं बिजली बिल सुधार आदि के आवेदन आए थे, लेकिन शिविर में अधिकारी नहीं होने से ग्रामीण आवेदन देकर वापस लौट गए।

ज्ञात है कि चैतमा सब स्टेशन के अंतर्गत 50 से 60 गांव आते हैं, जिसकी व्यवस्था देखने के लिए चार विभागीय कर्मचारी पदस्थ हैं, उसमें से भी एक कर्मचारी लंबे समय से घर बैठकर वेतन ले रहा है। विभाग द्वारा उसकी शुद्ध लेने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। चैतमा में कनिष्ठ यंत्री का कार्यालय खुले 8 साल को होने जा रहा है। यहां पर कौन कनिष्ठ यंत्री पदस्थ इसकी जानकारी उपभोक्ताओं को नहीं है। जिससे बिजली संबंधित समस्याओं को लेकर ग्रामीण उपभोक्ताओं को भी पाली का चक्कर काटना पड़ता है। क्षेत्र में बिजली से संबंधित अनेक समस्याएं हैं, जिसे देखने की जरूरत विभाग द्वारा नहीं समझी जाती इसकी परेशानी ग्रामीण उपभोक्ताओं को उठानी पड़ती है। ग्रामीणों द्वारा अनेकों बार यहां पर कनिष्ठ यंत्री के नियुक्ति की मांग की गई, किंतु विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इस संबंध में सहायक अभियंता नारायण प्रसाद सोनी से पूछने पर उन्होंने बताया कि समस्या का समाधान के लिए शिविर का आयोजन किया गया था वहां पर बाबू बैठा था जो कि समस्याओं को देख रहा था। कनिष्ठ यंत्री लंबी छुट्टी होने के कारण एवं मेरे द्वारा मीटिंग में सम्मिलित होने के कारण में समस्या शिविर में नहीं पहुंच सका।

## पांच वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज

**कोरबा।** एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची के बहला फूसलाकर एक अधेड़ व्यक्ति खेत ले गया था, जहां उस अधेड़ व्यक्ति ने मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अधेड़ व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी बुधराम मरकाम नामक अधेड़ व्यक्ति ने उसी गांव में निवासरत अपने पड़ोसी की पांच वर्षीय मासूम को खेत से लकड़ी लेने जाने के नाम से अपने साथ ले गया था और खेत में ले जाकर मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। मामला सामने आने पर पुलिस ने आरोपी बुधराम मरकाम के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## बहाली के बाद भी नहीं मिला प्रभार, डीईओ कार्यालय के बाहर बेटे संग शिक्षक बैठा धरने पर

**रामानुजगंज।** जिले में शिक्षा विभाग से जुड़ा एक गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर शिक्षक राजेंद्र देवांगन अपने आठ वर्षीय पुत्र हर्षित देवांगन के साथ दो दिनों से धरने पर बैठा हैं। शिक्षक का कहना है कि निलंबन से बहाल होने और ज्वाइनिंग के बावजूद उन्हें अब तक विद्यालय का प्रभार नहीं दिया गया, जिससे वे मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। राजेंद्र देवांगन ने बताया कि वे बसंतपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ थे। वे मूल रूप से कोरबा जिले के उमरेली के निवासी हैं और पिछले 18 वर्षों से बलरामपुर जिले में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय के ही कुछ व्याख्याताओं द्वारा 16 नवंबर को अनुशासनहीनता के आरोप में सरगुजा कमिश्नर से शिकायत की गई थी, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया। राजेंद्र देवांगन के अनुसार 5 दिसंबर को उन्हें बहाल कर दिया गया और 11 दिसंबर को उन्होंने पुनः ज्वाइनिंग भी कर ली। बावजूद इसके उन्हें विद्यालय का प्रभार नहीं सौंपा गया। शिक्षक का आरोप है कि वे विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक हैं, लेकिन उनके कनिष्ठ शिक्षक उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं और जानबूझकर प्रभार नहीं दिया जा रहा है।

## नाला में लाखों की राशि से बन रहे स्टॉप डैम का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी, पाया मानक के अनुरूप कार्य

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर



जिले के बतौली विकासखंड अंतर्गत जोकी नाला पर मुक्तिधाम के समीप पूर्व में बने विधायक विकास निधि से 19 लाख की डेम तथा वर्तमान में मनरेगा से बन रहे 19 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन स्टाफ डैम इन दिनों सुर्खियों में है। निर्माण कार्य को लेकर विभिन्न प्रकार की अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे। जिस पर संबंधित विभागीय अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मनरेगा अंतर्गत किए जा रहे स्टाफ डैम का निर्माण कार्य पूर्णतः शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं अनुशंसाओं के अनुरूप किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित किसानों ने बताया कि बीते लगभग 10 वर्षों से स्टाफ डैम की मांग कर रहे थे। वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा उनकी वर्षों पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए इस स्टाफ डैम का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में जल संरक्षण एवं कृषि को लाभ मिलेगा। मौके पर उपस्थित मनरेगा विभाग की कार्यक्रम अधिकारी संतोषी पैकरा ने जानकारी दी कि इस स्टाफ डैम की स्वीकृति वर्ष 2023 में दी गई थी तथा वर्ष 2024 में निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। लगातार बारिश एवं जलभराव की स्थिति के कारण कार्य में विलंब हुआ, जिसके बाद अब निर्माण कार्य पुनः शुरू किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा है तथा समस्त कार्य मनरेगा के प्रावधानों के अनुसार श्रमिकों से कराया जा रहा है।

इस संबंध में आरईएस के एसडीओ चंद्रभान कुमार ने बताया कि गेट मौके पर लगाए गए हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## कोरबा विधानसभा में फॉर्म 7 के दुरूपयोग का मामला

# साजिश रच कर नाम कटवाने वालों के खिलाफ कराई जाएगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसआईआर के तहत जिन लोगों के द्वारा फॉर्म 7 का दुरूपयोग करते हुए मतदाताओं के नाम कटवाने का प्रयास किया गया, उनके खिलाफ कार्यवाही कराने के लिए मुस्लिम समाज द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सुन्नी मुस्लिम जमात द्वारा शहर में 5 स्थानों पर कैंप लगाकर विलोपन की सूची में शामिल मतदाताओं की शंकाओं का समाधान किया जा रहा है, साथ ही मामले में षड्यंत्र रचने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए शिकायत पत्र भी तैयार किया जा रहा है।

सुन्नी मुस्लिम जमात के अध्यक्ष हाजी एखलाख खान ने बताया कि कोरबा विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर के सर्वे के उपरांत मतदाताओं के नाम सूची में प्रकाशित होने के बाद एक साजिश के तहत अधिकांश मुस्लिम और ईसाई मतदाताओं के नाम विलोपित करने के लिए हजारों की संख्या में फॉर्म 7 भर कर निर्वाचन कार्यालय में जमा किये गए। इसके बाद जिन मतदाताओं के नाम विलोपन के लिए जारी सूची में दर्ज थे, उनकी परेशानी को देखते हुए सुन्नी मुस्लिम जमात द्वारा 5 फरवरी से अलग-अलग स्थानों पर कैंप लगाने की शुरुआत की गई है। इसमें पहुंचने वाले मतदाताओं के नाम और अन्य डिटेल दर्ज करने के बाद उनकी तरफ से संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए पत्र भी लिखवाया जा रहा है, जिनके द्वारा नाम विलोपित करने के लिए फर्जी तरीके से फॉर्म 7 भरकर जमा किया गया है। सुन्नी मुस्लिम जमात के अध्यक्ष हाजी एखलाख खान ने बताया कि ये कैंप 3 दिनों तक लगाए जायेंगे। हाजी एखलाख खान ने कहा है कि जिस तरीके समाज के लोगों के नाम चुन-चुनकर मतदाता सूची से विलोपित करवाने के लिए षड्यंत्र रचा गया, उसे रोकने के लिए जरुरी हो गया है कि ऐसे लोगों के नाम उजागर करते हुए उनके खिलाफ क़ानूनी कार्रवाई कराई जाये, अन्यथा आगे भी इसी तरह की साजिशें होती रहेंगी। उन्होंने बताया कि पुरानी बस्ती के अलावा अलग-अलग कुल 5 स्थानों पर इस तरह के कैंप 7 फ़रवरी तक लगाए जा रहे हैं। इनमें पुरानी बस्ती कोरबा स्थित मुस्लिम जमात खाना, मुड़ापार स्थित गौसे आजम मस्जिद परिसर, गेरवाघाट स्थित मस्जिद आला हजरत, बुधवारी आरा मशीन पारा स्थित शाही नूरी मस्जिद परिसर और घंटाघर चौक में निशा कॉम्प्लेक्स स्थित कैंप शामिल है, जहां विलोपन के लिए प्रस्तावित सूची में शामिल लोग संपर्क कर सकते हैं।



बैठक में उपस्थित समाज के पदाधिकारीगण।

